# चंडीगढ़-पंचकूला रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

## निर्धारित डिपार्चर टाइम से पहले चलाई ट्रेन, लोको पायलट के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़-पंचकूला रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर लापरवाही सामने आई, जब कालका-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12006) को निर्धारित डिपार्चर टाइम से पहले ही चला दिया गया। इस दौरान ट्रेन में चढ़ रहे कई यात्री असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गए। एक यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया, जिसे आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए खींचकर बाहर निकाला। इस घटना में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित कई यात्रियों को चोटें आई हैं। घटना सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र भारद्वाज, जो पत्नी सुमन और बेटी स्वास्तिका के साथ चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहे थे, उन्होंने बताया कि ट्रेन में कई


चलती ट्रेन की चपेट में आता हुआ युवक। - समर न्यूज़

यात्री अभी चढ़ ही रहे थे कि लोको पायलट ने अचानक ट्रेन आगे बढ़ा दी। अचानक रुकने और फिर चलने से यात्रियों का संतुलन बिगड़ गया और अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान एक अन्य यात्री नीचे गिर गया, जिसे बचाने के लिए उसकी बेटी ट्रेन से कूद गई। दोनों के पैरों में चोटें आई हैं।

इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि अचानक ट्रेन चलने से एक यात्री नीचे गिर जाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुभम भारद्वाज नाम के यूजर द्वारा शिकायत किए जाने के बाद जीआरपी ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू की। शिकायत में यह भी बताया गया है कि ट्रेन में मौजूद एक टीटीई को भी चोटें आईं और टिकट जांच के दौरान उनका टैबलेट गिरकर टूट गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि बिना किसी घोषणा और अनुमति के ट्रेन को समय से पहले चलाया गया, जिससे धक्का-मुक्की का माहौल बन गया।

चंडीगढ़ निवासी उर्वशी कक्कड़ ने बताया कि अचानक ट्रेन चलने से कई यात्री घबरा गए और चढ़ने की कोशिश में गिर पड़े। वहीं पूजा राठौर ने बताया कि उनके पति ट्रेन में चढ़ चुके थे, जबकि वह और उनकी बेटी बाहर रह गई थीं। समय रहते पति द्वारा चेन खींचे जाने से बड़ा हादसा टल गया। चंडीगढ़ जीआरपी के डीएसपी राजेश ने बताया कि यात्री सुरेंद्र भारद्वाज की शिकायत पर लोको पायलट के खिलाफ धारा 109, 125, 198, 199, 281, 3(5) बीएनएस और 154 रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही अन्य यात्रियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

# युद्ध नशा विरुद्ध के तहत हजारों युवाओं को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराया गया: डॉ. बलबीर सिंह

## बोले, नशा छोड़ चुके युवाओं को समाज के लिए रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा

सारांश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की प्रमुख मुहिम 'युद्ध नशा विरुद्ध के तहत अब तक लगभग 20,000 नशा पीड़ित युवाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जा चुका है। मोहाली में पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों के लिए आयोजित युद्ध नशा विरुद्ध प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य के कई क्षेत्रों में स्थित नशा मुक्ति केंद्रों में अब नए मामले दर्ज नहीं हो रहे जो इस अभियान की बड़ी सफलता को दर्शाता है।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पहले


डॉ. बलबीर सिंह सिंह जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

चरण की उल्लेखनीय सफलता से उत्साहित होकर भगवंत सिंह मान सरकार द्वारा 'युद्ध नशेया विरुद्ध' अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पंजाब को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना है। इस चरण में रोकथाम के साथ-साथ पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नशा छोड़ चुके और पुनर्वासित युवाओं को समाज के सामने रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि अन्य युवाओं को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा मिल सके।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर पंचायतों और विभागीय कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को नशे के खिलाफ इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। डॉ. बलबीर सिंह ने दोहराया कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य पंजाब के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना है।

# पुलिस की अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई

## प्यारेवाला क्षेत्र के पास एक ही रात में चार वाहन किए जब्त

समर न्यूज़ | पंचकूला

जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पंचकूला पुलिस ने एक ही रात में बड़ी कार्रवाई करते हुए टिप्पर, पोपलेन मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत कुल चार वाहनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। एंटी इलीगल माइनिंग टीम, रामगढ़ चौकी और रायपुर रानी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ये वाहन अलग-अलग स्थानों से जब्त किए गए। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर माइनिंग विभाग को नियमानुसार कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि देर रात करीब एक बजे एंटी इलीगल माइनिंग टीम ने इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में कालका क्षेत्र में मेहताब नदी के पास चेकिंग के दौरान अवैध खनन करते हुए एक टिप्पर और एक पोपलेन मशीन को मौके से पकड़ा। दोनों वाहन नदी से अवैध रूप से खनन कार्य में लगे हुए थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते



पुलिस टीम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करती हुई। - समर न्यूज़

हुए वाहनों को कालका थाना परिसर में खड़ा कराया और माइनिंग विभाग को सूचना दी। इसी क्रम में सुबह करीब चार बजे रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह ने चंडीमंदिर थाना क्षेत्र के गांव श्यामटू के पास बेसिन नदी में गश्त के दौरान अवैध माइनिंग में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। इस दौरान एएसआई कृपाल सिंह और मुख्य सिपाही विकास सैनी भी मौके पर मौजूद रहे। वाहन को चौकी में खड़ा कर माइनिंग विभाग को सूचित किया गया। रायपुर रानी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह की टीम ने रात करीब आठ बजे प्यारेवाला क्षेत्र के पास गश्त के दौरान अवैध खनन सामग्री से भरी एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पंचकूला पुलिस अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। अवैध खनन पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के लिए गंभीर खतरा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि कहीं भी अवैध खनन की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### सेक्टर-7 पंचकूला में अखंड पाठ, कीर्तन और गुरु का लंगर आयोजित

# गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में किया गया शबद-कीर्तन

समर न्यूज़ | पंचकूला

दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सेक्टर-7 पंचकूला में श्रद्धा, सत्कार और धार्मिक उल्लास के साथ विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में हाजिरी लगाई और पूरा परिसर गुरुबाणी के मधुर कीर्तन से गुंजायमान हो उठा। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ साहिब आयोजित किया गया, जिसका भोग श्रद्धापूर्वक डाला गया। इसके साथ ही शबद-कीर्तन, गुरुबाणी विचार और गुरु का अटूट लंगर संगत के लिए लगाया गया। अखंड पाठ के भोग उपरांत सुखमनी सेवा सोसाइटी और विभिन्न रागी जत्थों द्वारा गुरुबाणी कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें संगत ने पूर्ण श्रद्धा और एकाग्रता के साथ श्रवण किया। गुरुद्वारे में गुरुबाणी का श्रवण करते


शबद कीर्तन करती हुई महिलाएं। - समर न्यूज़

हुए श्रद्धालुओं के चेहरों पर गुरु के प्रति गहरी आस्था और भावनात्मक जुड़ाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। दोपहर के समय गुरु का लंगर बरताया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा भावना का परिचय दिया।

शाम के समय प्रकाश पर्व की खुशी में गुरुद्वारा परिसर में दीपमाला की गई, जिससे पूरा वातावरण और अधिक आध्यात्मिक व भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संगत ने गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं साहस, समानता, त्याग और सत्य को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कंवर पाल सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व संगत के सहयोग से शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। वहीं, कमेटी के सचिव सतिंदरपाल सिंह ने कार्यक्रम में शामिल सभी श्रद्धालुओं और सेवादारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए बरतें विशेष सावधानी: उपायुक्त

समर न्यूज़ | पंचकूला

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला के अध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया की प्राधिकरण द्वारा सरकार के निर्देशानुसार शीत लहर ठंड से बचाव के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि इन दिनों शीतलहर चल रही है। इसी के मद्देनजर हम सावधानी बरतकर शीत घात से बच सकते हैं। शीतलहर से बचाव के लिए सावधानियों की पालना जरूर करें।

उन्होंने बताया की मौसम संबंधी जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और समाचार पत्र देखें/सुनें। यथासंभव घर के अंदर रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय हल्के, ढीले और ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। बाहर निकलते समय सिर, चेहरा, हाथ और पैरों को ढक कर रखें। शरीर में ऊष्मा बनाए रखने के लिए पौष्टिक भोजन लें, विटामिन-C युक्त फल एवं सब्जियों का सेवन करें। शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं। अपने शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरंत बदलें। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। उपयुक्त ने बताया की शराब का सेवन न करें, यह शरीर का तापमान कम करती है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में न रहें। कंपकंपी को नजरअंदाज़ न करें, यह शरीर के ठंड से प्रभावित होने का प्रारंभिक संकेत है। उन्होंने बताया की हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान कम होने) की स्थिति में तुरंत कदम उठाए ।प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाएं। गीले कपड़े हटाकर सूखे कपड़े या कंबल से ढकें। कंबल/चादर से शरीर को गर्म करें और गर्म पेय दें। स्थिति बिगड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें। उपायुक्त ने बताया की आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करें।

# ढाई साल की बच्ची से रेप, आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब के मोहाली में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ उसके पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी अर्जुन राम को हिरासत में ले लिया है जो पीड़िता के पड़ोसी है और प्राइवेट जॉब करता है। बलौंगी थाने में बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी का उनके घर आना-जाना लगा रहता था। वह अक्सर बच्चों को खाने-पीने की चीजें देकर अपने साथ ले जाता था, इसलिए किसी को संदेह नहीं हुआ। मां रसोई में व्यस्त थी, आरोपी आया और चॉकलेट देकर बच्ची को अपने घर ले गया। थोड़ी देर बाद मां आरोपी के घर पहुंची तो अंदर से बच्ची के रोने की आवाजें आ रही थीं। अंदर जाकर देखा तो बच्ची खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ी थी।

# 2025 में पंचकूला पुलिस ने काटे 1.52 लाख चालान

## बिना हेलमेट, ड्रंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड व हुड़दंग पर कसी नकेल, 2024 की तुलना में 65 प्रतिशत अधिक चालान किए

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

वर्ष 2025 के दौरान पंचकूला पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए सख्त कार्रवाई के साथ-साथ संवेदनशील और जनहितैषी पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 1,52,435 चालान किए, जो वर्ष 2024 की तुलना में करीब 65 प्रतिशत अधिक हैं। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी रहा। इसी क्रम में कई स्थानों पर वाहन चालकों को फूल देकर समझाया गया, जबकि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को निःशुल्क हेलमेट



थार का चालान काटते हुए पुलिसकर्मी। - समर न्यूज़

वितरित किए गए। स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और चौराहों पर जागरूकता अभियानों के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि वर्ष 2025 में उन उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिनसे सड़क हादसों का खतरा अधिक रहता है। इनमें ड्रंकन ड्राइविंग, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाना, खतरनाक यू-टर्न और अव्यवस्थित पार्किंग शामिल हैं। इसके अलावा टेम्पर्ड या बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई, कई मामलों में वाहन इंपाउंड किए गए। तेज आवाज वाली बुलेट मोटरसाइकिल से हुड़दंग मचाने वालों पर भी विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि पंचकूला पुलिस चाहती है कि लोग डर से नहीं, बल्कि समझदारी से नियमों का पालन करें।

डीसीपी सूदन ने बताया कि वर्ष 2026 में ट्रैफिक पुलिस को आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाएगा, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाएगा तथा जाम, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जाएगा। स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम भी जारी रहेंगे।

# डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत सेक्टर-16 अस्पताल में हुआ हंगामा

सारांश मेहरा | चंडीगढ़
समर न्यूज़

सेक्टर-16 स्थित गवर्नमेंट मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मनीमाजरा के मौली जागरा क्षेत्र की निवासी सबीना परवीन को डिलीवरी के लिए सेक्टर-16 सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती के बाद डिलीवरी की प्रक्रिया शुरू की गई और उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। परिजनों के मुताबिक रविवार दोपहर डिलीवरी



करवाई गई, लेकिन कुछ ही समय बाद अस्पताल स्टाफ ने उन्हें सूचित किया कि डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई है।

यह खबर सुनते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सबीना परवीन ने बताया कि उनकी शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी और यह उनका पहला बच्चा था। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के दौरान पर्याप्त चिकित्सकीय देखरेख नहीं की गई, जिसके चलते नवजात की जान चली गई।

# अवैध क्लब संचालन पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

सारांश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब सरकार के विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने अवैध क्लब संचालन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। डिप्टी कमिश्नर (आबकारी) पटियाला ज़ोन के मार्गदर्शन और सहायक कमिश्नर (आबकारी) रोपड़ रेंज की निगरानी में यह कार्रवाई की गई। आबकारी निरीक्षक गुरिंदर पाल के नेतृत्व में टीम ने 3 जनवरी 2026 को सेक्टर-79, मोहाली स्थित पेट्रोल पंप के पास एससीओ नंबर 5/6 में चल रहे बॉस क्लब पर छापेमारी की। क्लब बिना वैध लाइसेंस के संचालित पाया गया। मौके से क्लब संचालक तेजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान 39 बोतल व्हिस्की तथा 47 बोतल वाइन व शैम्पेन बरामद की गई। थाना सोहाना में एफआईआर दर्ज कर जांच जारी है।

# चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा

## बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में कम दिखी रौनक

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में रविवार को शहर में कड़ाके की ठंड का असर पूरे दिन महसूस किया गया। सुबह से लेकर शाम तक पूरा शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। लोग धूप निकलने का इंतजार करते रहे, लेकिन तेज ठंडी हवाओं और गलन भरी ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने पहले ही अगले पांच दिनों तक ठंड से राहत न मिलने की चेतावनी जारी करते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया था। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 14 से 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने की संभावना है। ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते ठिठुरन और अधिक बढ़ने की आशंका जताई गई है। रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री


कोहरे में गुजरते हुए वाहन। - समर न्यूज़

सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि जब दिन और रात के तापमान में अंतर केवल 5 डिग्री के आसपास रह जाता है, तब ठंड का प्रभाव अधिक महसूस होता है। इसी कारण लोगों को दिन में भी ठिठुरन का एहसास हुआ। ठंड का असर शहर की रौनक पर भी साफ दिखाई दी। सरकारी कार्यालयों में अवकाश होने के बावजूद पर्यटन स्थलों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखी गई। बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में रौनक कम रही और दुकानों पर ग्राहक कम नजर आए। रविवार सुबह की शुरुआत घनी धुंध के साथ हुई। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को लाइट जलाकर सफर करना पड़ा। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य

### कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 30 कश्मीरी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा दर्शन यात्रा के लिए किया रवाना

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हरियाणा दर्शन यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर से आ रहे 30 कश्मीरी छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को आज जम्मू स्थित अपने आवास से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से रवाना किया गया। इस अवसर पर युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा दर्शन यात्रा का आयोजन 4 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस दौरान कश्मीर से आए छात्र एवं छात्राओं का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा एवं चंडीगढ़ के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेगा।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को हरी झंडी दिखाते हुए। - समर न्यूज़

कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आपसी सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और आपसी समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के लक्ष्य को साकार करना है। यात्रा के दौरान कश्मीर से आए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा की लोकतांत्रिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल का हरियाणा विधानसभा का भ्रमण, हरियाणा के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों का दौरा, तथा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, छात्र चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन एवं सुखना लेक, पिंजौर गार्डन, तथा वन विभाग द्वारा थापली में स्थापित नेचर कैंप थापली का भी भ्रमण करेंगे।